इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110 068
(प्रशासन प्रभाग)
(भर्ती अनुभाग)

फा. स. 1–3(201)एन ए/भर्ती/ वि.आ./
16 मई, 2013

अधिसूचना

विज्ञापन सं. 48/2012 द्वारा विज्ञापित पद प्रूफ रीडर, प्रोडक्शन सहायक, तकनीशियन, अर्द्ध व्यावसयिक सहायक एवं सहायक कुलसचिव के पदों के लिए साक्षात्कार की समय सारणी।

सभी संबधितों को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त निर्दिष्ट पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 03 जून, 2013 से इग्नू कैम्पस, मैदान गढ़ी नई दिल्ली में होगा। विश्वविद्यालय द्वारा निर्णीत परीक्षा में कट ऑफ के अनुसार सभी सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अनंतिम बुलावा पत्र स्पीड पोस्ट से भेजा जा चुका है। साक्षात्कार की समय सारणी एवं उन सभी अभ्यर्थियों (पद के अनुसार) का विवरण जिनको साक्षात्कार के लिए अनंतिम बुलावा पत्र जारी किया गया है ; उनका क्रंमाक अनुलग्नक – 1 एवं 2 में दर्शाया गया है।

साक्षात्कार के लिए उक्त अनंतिम बुलावा पत्र न मिलने की स्थिति में, ऐसे अभ्यर्थी अपनी पहचान पत्र दिखाकर डुप्लीकेट बुलावा पत्र लेने के लिए साक्षात्कार की तारीख को अनुभाग अधिकारी, भर्ती अनुभाग से सम्पर्क कर सकते है। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए उन्हें अपने साथ निम्न प्रमाणपत्र साथ में लाने होंगे।

1 साक्षात्कार के लिए अनंतिम बुलावा पत्र में दिए गए स्थान में चिपकाने के लिए स्वप्रमाणित एक फोटो।

2 अपनी योग्यता/आयु/अनुभव (वर्तमान नियोक्ता के द्वारा जारी नियुक्ति पत्र सहित)/वर्तमान नियोक्ता द्वारा प्रमाणित नवीनतम वेतन पत्र (रोजगार प्राप्त अभ्यर्थी के बारे में)/ जारी प्रमाण पत्र के समर्थन में सभी मूल प्रमाण पत्र (अभ्यर्थी द्वारा स्वप्रमाणित फोटो प्रतिलिपियों के एक सेट के साथ)

3 यदि आप केन्द्रीय /राज्य सरकार/स्वायत्त/ सांविधिक निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र इकाई में कार्यरत हैं तो अपने वर्तमान नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र'।

4 'अन्य पिछड़ा वर्ग' (ओ बी सी) अभ्यर्थियों को भारत सरकार के मार्ग निर्देशानुसार नवीनतम जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

पुनः उल्लेखनीय है कि साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थी स्वयं को आश्वस्त कर लें कि वे दिनांक 31 मार्च, 2012 के रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार संबंधित पदों के लिए योग्यता मानदंड को पूर्ण करते हैं। यह भी सूचित किया जाता है कि उनके आवेदन फार्म में अभ्यर्थी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर सभी संबंधित प्रमाणपत्रों का साक्षात्कार के समय जांच कर सत्यापन किया जाएगा और कोई कमी पाए जाने पर, उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

शुभेच्छा सहित!

भवदीय

(विनोद कुमार)
सहायक कुलसचिव

संलग्नक, उपर्युक्त